अब हमारा एक नया नाम है!

कई देशों में, 75% से अधिक बच्चों के पास्टरों ने केवल 1 वर्ष के बाद ही इस सेवकाई को छोड़ दिया या कलीसिया में किसी अन्य विभाग में स्थानांतरित हो गये! आइए अपनी कलीसियाओं में केवल बच्चों की देखभाल करने के अफसोस से बचें, बल्कि उनके साथ आएं जो अगली पीढ़ी को शिष्यता में लाते हैं। बच्चों के पास्टर असली नायक हैं, जो यीशु मसीह के लिए दुनिया भर के बच्चों तक पहुँचते हैं। हम समझते हैं कि तब कैसा लगता है जब पाठ की योजना बनाने, खेल खोजने, हमारे पास के कुछ शिक्षकों को प्रशिक्षित करने, अधिक स्वयंसेवकों को पाने, नाराज माता-पिता को शांत करने, प्रमुख पास्टर को सूचित रखने और साथ ही अपने आप को प्रशिक्षित रखने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता! हमारे पास बच्चों के पास्टरों और अगुवों को सुसज्जित करने और बढाने की योजना है जब वे गहराई से और आसानी से बच्चों की सेवकाई के समर्पित अगुवे बनते जाते हैं।

हमारा नाम "बच्चे महत्वपूर्ण हैं" बच्चों पर केंद्रित रहा है। वे मसीह की देह की निरंतर हमारी सेवकाई का कारण बने रहेंगे, लेकिन हम अब बच्चों के पास्टरों और अगुवों पर अपने ध्यान को पूरी तरह से केंद्रित करने में अपने मिशन को परिवर्तित करना चाहते हैं। इसलिए, हम दुनिया भर में बच्चों की सेवकाई में अगुवाई देने वाले अगुवों को सुसज्जित करने और बढाने पर अपना ध्यान पूरी तरह से बदलने में मदद करने के लिए अपने नए नाम "इक्यूप एंड ग्रो" (सुसज्जित करना और बढ़ाना) की घोषणा करते हुए काफी रोमांचित हैं।

हम अपना नाम क्यों बदल रहे हैं?
#forsarah

हाल ही में हमें चीन के ग्वांगझोउ में रहने वाली सारा से यह ईमेल प्राप्त हुआ: (उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नाम बदला गया है।)

平安！感谢主！看到您们在网上的资料，非常感恩！我是在广州的一家庭教会，我已经服侍孩子们几年时间了，但就去年才刚开始负责带领老师团队。我以前并没有学过主内很专业的培训。感觉教导孩子们的资源和老师们的培训非常的缺乏和需要，希望您们能给予我们帮助。

(गूगल अनुवाद...) "हम सुरक्षित हैं! परमेश्वर का धन्यवाद! इंटरनेट पर आपकी जानकारी देखकर, मैं बहुत आभारी हूँ! मेरे पास ग्वांगझोउ में एक सीक्रेट भवन चर्च है। मैं कई वर्षों से बच्चों की सेवा कर रही हूं, लेकिन पिछले साल ही मैंने शिक्षकों के टीम का नेतृत्व करना शुरू किया। मैंने पहले कभी भी प्रभु में किसी प्रकार का पेशेवर प्रशिक्षण का अध्ययन नहीं किया है। मुझे लगता है कि बच्चों को पढ़ाने और शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए संसाधनों की बहुत कमी है और इसकी बहुत ज़रूरत है। मुझे उम्मीद है कि आप हमारी मदद कर सकते हैं।"
बहन सारा

ग्वांगझोउ में बहन सारा हमारी केंद्र बिंदु है और जिनकी सेवा करने के लिए हमें बुलाया गया है। हमारा दर्शन यह देखना है कि कलीसिया बच्चों के साथ ऐसा व्यवहार करें कि वे महत्वपूर्ण हैं। लेकिन हमारा मिशन सारा को उसकी कलीसिया में बच्चों की सेवकाई में अगुवाई देने के महत्वपूर्ण कार्य के लिए "सुसज्जित करना और बढ़ाना" है।

हमारी वेबसाइट का पता पहले जैसा ही बना रहेगा : childrenareimportant.com
"बच्चे महत्वपूर्ण हैं" अब है ... " इक्यूप एंड ग्रो" और हमारा नारा रहेगा- "बच्चे महत्वपूर्ण हैं।"

#newname #forsarah, #foryou